मेले में बिजली चोरी, पांच लाख का बिल ठोका

महू। रोडवेज वर्कशाप के पीछे नए दशहरा मैदान पर मंगेरीजन मेला लगा हैं, इसमें बिजली चोरी का बड़ा खुलासा हुआ हैं, विद्युत मंडल के दस्तें ने छापामार कार्रवाई करते हुए स्वीकृत लोड से अधिक पाया, वही सीधे तारे जोड़कर बिजली उपयोग भी मिला। मंडल ने मेला संचालक को पांच लाख रूपए का बिल थमाया है।

जानकारी के अनुसार मां वैष्णोदेवी प्रदर्शनी मेला संचालित किया जा रहा हैं, यहां पर आयोजक ने दस किलो वाट का अस्थाई कनेक्शन लिया हैं, लेकिन मौके पर 55 किलो वाट मिला, जबकि सीधे तार डालकर भी बिजली चोरी की जा रही थी, विद्युत मंडल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर पांच लाख रूपए का बिल थमाया। हालांकि बाद में विद्युत कनेक्शन जोड़ दिया गया।

दबाव प्रभाव

सूत्रों ने बताया मेला आयोजक कुछ भाजपा नेताओं के नजदीक हैं, वेकेशन में हर साल यहां पर इसी आयोजक द्वारा मला प्रदर्शनी लगाई जाती हैं, इस बार विधत चोरी का मामला उजागर होने से चर्चा है कि हर साल मंडल का तगड़ा चूना लगाया जा रहा था, आज की कार्रवाई के दौरान भी कुछेक भाजपा और युवा मोर्चा नेताओं ने विधुत मंडल दस्ते पर दबाव बनाकर मामला रफा दफा करने की कोशिश की, लेकिन बात अधिकारियों तक पहुंचने के कारण कार्रवाई टल नहीं सकी।

कच्चे नाले को इस प्रकार पक्का कर नाली में किया तब्दील।

कच्चे नाले को पक्का बना नाली में कर दिया तब्दील

पार्षद ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप स्थिति से कराया अवगत

कन्नौद। इंदौर रोड़ स्थित वार्ड क्रमांक 1 के रहवासी क्षेत्र में से होकर गुजरने वाले शासकीय नाले को मप्र गृह निर्माण मंडल पशुपतिनाथ बिहार कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड के निर्माण अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण कर नाली में तब्दील करने का आरोप पार्षद अलका राघेश्याम खत्री ने मंगलवार को तहसीलदार कुलदीप पाराशर को ज्ञापन सौंपकर लगाया है।

ज्ञापन में बताया कि इंदौर रोड़ पर वार्ड क्रमांक 1 में स्थित उक्त कालोनी की पूर्व दिशा तरफ स्थित नाले को हाउसिंग बोर्ड द्वारा छोटा कर दिया गया है। उक्त नाले में बारिश के मौसम में संपूर्ण नगर का पानी आता है। पूर्व में उक्त नाला कच्चा होकर काफी चैड़ा था। इसके बावजूद भी काफी पानी उक्त नाले से बाहर आ जाता था। वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड द्वारा नाले को पक्का बनाकर बहुत छोटा कर उसे छोटी नाली का रूप दे दिया गया है। जिसके कारण आगामी बारिश के मौसम में संपूर्ण नगर का पानी निकलने में काफी परेशानी होगी।

बारिश का पानी उक्त छोटेसे नाले से नहीं निकल सकेगा। उक्त नाले का पानी नगरवासियों के मकान में घुसने की पूर्ण संभावना है। तथा जनजीवन भी अस्त-व्यस्त होने की पूर्ण संभावना है। क्योंकि संपूर्ण नगर का पानी उसी नाले से निकलता है।

जिला प्रशासन सोयाबीन बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करे

कन्नौद। आगामी दिनों में मानसून की दस्तक देने की संभावना के चलते किसान वर्ग खेती-बाड़ी में बोवनी की तैयारी में जुट गया है। क्षेत्र में सोयाबीन, लाल तुवर, कपास आदि फसलें बोई जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए खाद-बीज व्यापारियों द्वारा भंडारण कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन किसानों को अमानक खाद-बीज व्यापारियों द्वारा न बेचा जाए। इसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की कोई घोषणा या निर्देश जारी नहीं किए गए है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष कैलाश कुण्डल ने कलेक्टर को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वर्ष 2016 में जिले में भारी मात्रा में अमानक बीज व्यापारियों द्वारा बेचा गया था। जिसकी शिकायत भी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से आप तक पहुंचाई गई थी। इस बार पुनः इस बात की शंका आम किसानों में देखी जा रही है। क्योंकि कुछ व्यापारियों द्वारा मंडीयों से 2000 से 2500 रूपए के भाव में सोयाबीन खरीदा गया है। जिसकी ग्रेडिंग घर पर करके ब्रांडेड नामो की थैलियों में पैक कर बेचा जा सकता है। अतः कलेक्टर महोदय प्रशासनिक व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करें कि जितने भी बीज विक्रेता जिले में है उनके स्टाक का सत्यापन कर सुनिश्चित करें कि उन्होने जो बीज बिक्री हेतु रखा है।

सरकार के पास रजिस्टर्ड है या नहीं इसके अलावा सभी किसानों को खरीदे गए बीज का पक्का बिल आवश्यक रूप से दें। यदि व्यापारी द्वारा बिल नहीं दिया जाए तो नियमानुसार उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

ईश्वर की अच्छा के आगे मनुष्य का बस नहीं- नंदकुमारसिंह चौहान

उत्तरकाशी बस दुर्घटना में बेटमा के तीर्थयात्रियों के दुखद निधन पर सामूहिक श्रद्धांजलि सभा हुई

इंदौर। उत्तरकाशी में बस दुर्घटना में बेटमा (इंदौर) व धार जिलें के तीर्थयात्रियों का दुखद निधन होने पर भाजपा जिला इंदौर द्वारा आज कचहरी घाटी बेटमा पर सामूहिक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

श्रद्धांजलि सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमारसिंह चौहान ने कहा कि ईश्वर की इच्छा के आगे मनुष्य का बस नहीं चलता है इस दुखद स्थिति में हम सब आपके साथ है, यहां से हजारों किलों मीटर दूर उत्तरकाशी में दिवंगतों की पार्थिक देह का विशेष विमान द्वारा बेटमा तक लाने की व्यवस्था तत्काल मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा कराई गई। हमारें साथी और विधायक मनोज पटेल पूरे समय इस दुख की घड़ी में आपके सहभागी रहे। ईश्वर की इच्छा के आगे मनुष्य की नहीं चलती है हम सब दिवंगत श्रद्धालुओं के श्रीचरणों में सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धांजलि सभा में संभागीय संगठन मंत्री जयपालसिंह चावड़ा, विधायक मनोज पटेल, महापौर श्रीमती मालिनी गौड़, नगर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, प्रदेश मंत्री व जिला पंचायत सदस्य कविता पाटीदार, गोपालसिंह चौधरी, प्रेमनारायण पटेल, रवि रावलिया, गुमानसिंह पंवार, श्री ओमप्रकाश परसावदिया, भरतसिंह आंजना, उमरावसिंह मौर्य, आलोक दुबे सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने दिवगत तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमारसिंह चौहान दिवंगत तीर्थयात्रियों के परिवारजनों से भी मिले और उन्हें सांत्वना दी। क्षेत्र के कई नागरिक व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये, श्रद्धांजलि सभा में इंदौर व धार जिले के कार्यकर्ता व समाजजन शामिल हुए।

तीर्थयात्रियों को बेटमा में दी सामूहिक श्रद्धांजलि

उत्तरकाशी बस हादसे में बेटमा के तीर्थयात्रियों के निधन पर बेटमा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सोमानी, देपालपुर विधायक मनोज पटेल ने बताया कि बेटमा की कचहरी घाटी पर दिवगंत तीर्थयात्रियों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें अनेक भाजपा नेता भी शामिल हुए।

बड़वाली चौकी में हो रही है दस दिन की तरावीह

इन्दौर । इन दिनों मुस्लिम बस्तीयां माहे रमजान से गुलजार है। इबादतों का सिलसिला जारी है। रमजान महीने में रात को तरावीह की विशेष नमाज की अपनी एहमियत है। ये नमाज सुन्नते-मौआक्किदा है और तरावीह की नमाज में पूरा कुरआन सुनना भी लाजमी है। हर शख्स आसानी से पूरा कुरआन सुन ले इसी बात का ख्याल रखते हुए बड़वाली चौकी स्थित मोहम्मदी बिल्डिंग में रात 9.30 बजे से दस दिन की तरावीह की नमाज अदा की जा रही है। यहां पर तरावीह की नमाज में दस दिन में पूरा कुरआन पढ़ा जायेगा। तरावीह की नमाज हाफिज एहमद अली अदा कर रहे है। तरावीह की नमाज बाद हाफिज मोहम्मद अली कुरआन की तफसीर (व्याख्या) और तर्जुमा (अनुवाद) भी बता रहे है। दस दिन में कुरआन सुनने की सहूलियत से व्यापारियों और सफर में रहने वाले लोगों को आसानी होगी।

... यहां दो शिफ्ट में नमाज- स्टूडेंट और व्यापारियों की सहूलियत को मद्देनजर रखते हुए उदापुरा की फातिमा मस्जिद में दो शिफ्ट में नमाज अदा की जा रही है। फातिमा मस्जिद के मुतवल्ली के मुताबिक पहली शिफ्ट की नमाज को नमाज-ए-उला और दूसरी शिफ्ट की नमाज को नमाज-ए-सानी कहते है। माहे रमजान की फजीलत (महत्ता) को देखते हुए बड़ी तादाद में दोनो शिफ्ट में नमाजी मस्जिद पहुंच रहे है। पहली शिफ्ट की जौहर की नमाज दोपहर 1.30 बजे और दूसरी शिफ्ट की नमाज 2.15 बजे अदा की जा रही है। इसी तरह असर की नमाज की पहली शिफ्ट शाम 5.30 बजे और दूसरी शिफ्ट 6.00 बजे, रात को ईशा की नमाज की पहली शिफ्ट 9.00 बजे और दूसरी शिफ्ट रात 10.30 बजे से अदा की जा रही है। रात को तरावीह की विशेष नमाज की पहली शिफ्ट हाफिज सलीम रजवी पढ़ा रहे है और दूसरी शिफ्ट की तरावीह (नमाज-ए-सानी) हाफिज जफर नूरी अदा करा रहे है। यहां पर पाँचों वक्त की नमाज हाफिज अनवार रेहानी की इमामत में हो रही है। नमाज के साथ इंसानियत की भलाई के लिये दुआ का सिलसिला भी जारी है।

Gagan Gases Ltd. Company No. 524624
Regd. Office: 902 Sector III, Pithampur, Distt. Dhar (MP) website : www.gagangases.com
email : gagan@gagangases.com CIN : L24119MP1986 PLC006228 (Rs.in Lacs)

AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE THIRD QUARTER AND YEAR ENDED 31.03.2017

S. No.	PARTICULARS	Quarter ending 31.03.16	Nine months ending 31.03.17	Quarter ended 31.03.17	Audited Year ending 31.03.16
1	Total Income from Operations	23	22	09	121
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	-3	5	13	13
3	Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	-3	5	13	13
4	Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	-6	3	11	12
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)	0	0	0	0
6	Equity Share Capital	451.85	451.85	451.85	451.85
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-371	-358	-347	-358
8	Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic : 2. Diluted :	-0.02 -0.02	0.06 0.06	0.24 0.24	0.27 0.27

NOTE: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2016. The full format of Quarterly Financial Results are available on the BSE website (www.bseindia.com) and On the Company's website (www.gagangases.com)

On behalf of the Board
K.R. Maheshwary
Managing Director

Date : 30.05.2017
Place : Indore

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Indore (M.P.)
CIN: L28121MP1995PLC009170 website: www.goraniindustries.com
email-id- sanjay.gorani@gmail.com Telephone No.: 0731-2723201 Fax: 2420081
Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2017 (Rs. in Lacs)

S. No.	PARTICULARS	Quarter Ended		Year Ended	
		31.03.2017	31.03.2016	31.03.2017	31.03.2016
1.	Total Income from operations	257.42	182.17	708.11	560.16
2.	Net Profit / (Loss) for the period Before Tax, Exceptional and/or extraordinary items#	16.78	42.30	30.50	19.87
3.	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	16.78	42.30	30.50	19.87
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	16.78	42.30	30.50	19.87
5.	Total Comprehensive Income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)]	16.78	42.30	30.50	19.87
6.	Equity Share Capital	508.13	499.33	508.13	499.33
7.	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the balance sheet of the previous year			(207.48)	(237.98)
8.	Earnings per share (in Rs.) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations): (a) Basic (b) Diluted	0.31 0.31	0.78 0.78	0.58 0.58	0.37 0.37

Notes:
A. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Website www.bseindia.com and on the Company' s Website www.goraniindustries.com.
B. The impact on net profit/(Loss), total comprehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note.
C. # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with AS Rules.

For & On Behalf of the Board
Sanjay Gorani (Managing Director)
DIN: 00095531

Place: Indore
Date: 30.05.2017

विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

इन्दौर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जायेगा। इस दिन इंदौर जिले में आम जनता में जागरूकता लाने के लिये जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा जनजागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम मनोरमा राजे क्षय चिकित्सालय में दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.एन.नायक की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में शहर के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एस.नय्यर, नोडल अधिकारी डॉ. माधव हसानी, अधीक्षक मनोरमा राजे क्षय चिकित्सालय डॉ. विजय अग्रवाल एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा तंबाकू से होने वाले विभिन्न रोगों के बारे में उपस्थित जनता को बताया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल परिसर, सिविल डिस्पेंसरी अरण्य, सिविल हॉस्पिटल महू, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेटमा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हातोद, हुकुमचंद पॉली क्लिनिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांवेर में भी बुधवार को तंबाकू निषेध दिवस के अंतर्गत जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

श्री कोटेश्वर धाम पर कल धूमधाम से मनाई जाएगी धूमावती जयंती

सुबह पूजन अर्चन, रात 8 बजे महाआरती, प्रसादी वितरण व भजन संध्या

सोनकच्छ। समीपस्थ ग्राम कोटड़ा में कालीसिंध नदी के तट पर स्थित श्री कोटेश्वर धाम के विश्व के चौथे व भारत के तीसरे मां धूमावती शक्तिपीठ पर मां धूमावती जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

इस पुनीत अवसर पर गुरुवार को पीठ के स्वामी श्री नित्यमुक्तानंद तीर्थ जी महाराज के मार्गदर्शन में सुबह मां की दिव्य प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर धूमावती यंत्र का यंत्रार्चन किया जाएगा। रात 8 बजे बैंड, ढोल के साथ आतिशबाजी कर मां की महाआरती की जाएगी व भक्तो को प्रसादी का वितरण कर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्रीकोटेश्वर धाम भक्त मण्डल के सदस्यों ने मां के भक्तों से होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पूण्य कमाने की अपील की है।

वन उपमंडल कार्यालय परिसर में कब्जे के प्रयास की चर्चाओं का बाजार गर्म

विभाग ने कहा गैरेज बना रहे हैं

महू। शासकीय जमीनों पर जबरिया कब्जे का एक और मामला सामने आया हैं, हालांकि संबंधित विभाग का दावा है कि यहां पर स्टाफ के लिए पार्किंग बनाई जा रही हैं, लेकिन रात में निर्माण और किसी तरह की अनुमति नहीं लिए जाने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पारसी गली में वन विभाग परिसर हैं, यहां पर उपमंडल कार्यालय के साथ ही आवासीय भवन भी हैं, मेन गेट के पास वन विभाग परिसर में ही दरगाह भी हैं, साथ ही एक हिस्सें में किसी खान परिवार का कब्जा है तथा यहां बच्चों को केलोग्राफी आदि कोर्स कराया जाता हैं, इसी के पीछे खाली स्पेस है और सामने ही रेंजर का आवास। सूत्रों के मुताबिक रिकार्ड में यह जगह वन विभाग के कब्जे में नहीं हैं, लिहाजा विभाग के साथ ही कुछ बाहरी लोगों की निगाहें इस बेशकीमती जगह पर हैं, जिसे कवर कर कब्जे का प्रयास की सुगबुगाहट है।

बताया जाता है पास के कुछ भवन और खाली स्थान टोल ठेकेदार ने खरीद लिए हैं, लिहाजा इस जबरिया कब्जे वाली जगह के भाव आसमान पर हैं, उसी के चलते कुछ लोग बाले बाले कब्जा कर उक्त जगह उक्त बेचने की जुगत भिड़ा रहे है। हालांकि वन विभाग इससे इंकार कर रहा हैं, लेकिन आस - पास के लोगों का कहना है कि पुरानी इटों से दीवार देर रात बनाई जा रही हैं, साथ ही इस निर्माण को लेकर ना ही केंट बोर्ड और ना ही वन विभाग से कोई अनुमति ली गई हैं, लिहजा सवाल उठता है कि आखिर कौन और किसके खर्च से दीवार बनाई जा रही।

इस संबंध में रेंजर आरसी क्षेत्रिय ने कहा कि उन्होने अभी ही चार्ज लिया हैं, वे बुधवार दोपहर तक ही इस बारे में पूरी जानकारी दे पाएंगे। मौके पर मौजूद डिप्टी रेंजर पवन जोशी ने बताया कि उक्त स्थान पर स्टाफ के लिए पार्किंग बनाई जा रही हैं, इसकी अनुमति के सवाल को वे टाल गए, जबकि देर रात्रि में दीवार बनाए जाने पर कहा कि आदिवासी क्षेत्र से मजदूर लाए थे, इसलिए देर रात तक काम जारी रखा। केंट बोर्ड सीईओ ने इस मामले से अनभिज्ञता जाहिर की हैं, साथ ही बोर्ड सूत्रों के अनुसार दीवार निर्माण की कोई अनुमति नहीं ली गई है।

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग का अमला संयुक्त भ्रमण करेगा

इन्दौर । महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में भ्रमण किये जायेंगे। दोनों विभाग के संयुक्त भ्रमण से बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की रोकथाम, बाल कुपोषण नियंत्रण, गर्भवती महिलाओं की जांच, कम वजन वाले नवजात शिशुओं की टेकिंग, टीकाकरण, गंभीर कुपोषित बच्चों का उपचार आदि आसानी से किया जा सकेगा। दोनों विभाग के अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का संयुक्त भ्रमण भी किया जायेगा तथा केन्द्र में दर्ज कुपोषित बच्चों के माता-पिता से चर्चा भी की जायेगी। इसमें किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की पहचान व नियंत्रण के लिये हिमोग्लोबिन परीक्षण, एनीमिया की रोकथाम, आई.एफ.ए. की गोलियों का वितरण आंगनवाड़ी केन्द्र पर आदि कार्यों का जमीनी स्तर पर सत्यापन संभव हो सकेगा।

SYSTEMATIX CORPORATE SERVICES LTD.
Investment Re-defined
Regd. Off : 206-207, Bansi Trade Centre, 565/581, M.G. Road, Indore - 452001 (M.P) INDIA.
Ph.: (022) 30298110 Email: secretarial@systematixgroup.in Website: www.systematixgroup.in
Corp. Off: The Capital, "A" Wing, 6th Floor, No.603-606, Plot No. C-70, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051

STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31ST MARCH 2017 (Rs. In Lakhs except earning per share data)

S. No.	Particulars	CONSOLIDATED				
		QUARTER ENDED			YEAR ENDED	
		31/03/2017	31/12/2016	31/03/2016	31/03/2017	31/03/2016
		UN-AUDITED	UN-AUDITED	UN-AUDITED	AUDITED	AUDITED
1	Total Income from Operations	1,234.93	1,017.16	850.15	4,396.02	3,501.37
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	271.78	23.38	(2.21)	581.10	(56.41)
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items)	271.53	5.49	(3.45)	562.96	(57.65)
4	Net Profit / (Loss) for the period after Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items)	168.07	(4.12)	(12.96)	395.29	(89.82)
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising profit/(Loss) for the period (After Tax) and Other Comprehensive Income (After Tax)	168.07	(4.12)	(12.96)	395.29	(89.82)
6	Equity Share Capital	1,298.02	1,305.14	1,305.14	1,298.02	1,305.14
7	Reserve (excluding Revaluation Reserves) as shown in The Audited Balance Sheet of the Year	-	-	-	4,310.85	3,915.56
8	Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (For continuing and discontinued operations)					
	(a) Basic	1.29	(0.03)	(0.10)	3.03	(0.68)
	(B) Diluted	1.29	(0.03)	(0.10)	3.03	(0.68)

NOTES : (1) The above is an extract of the detailed format of Yearly & Quarterly Financial Results filed with BSE Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly & Yearly Financial Results is available on the websites of Bombay Stock Exchange (URL of the filings BSE: **www.bseindia.com** & Company's website **www.systematixgroup.in**)

On behalf of the Board of Directors
FOR SYSTEMATIX CORPORATE SERVICES LTD.
Sd/-
Chandra Prakash Khandelwal
Chairman & Managing Director
DIN : 00016373

Place : Mumbai
Date : 30/05/2017

Chandelwal